पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

मिशन शक्ति बुलेटिन-V

दिनांक- 05.04.2026

थाना निगोंहा की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबरो से किया जागरूक।

थाना निगोंहा की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम उदयपुर थाना निगोहां पर 'मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंक फ्रॉड और फर्जी कॉल जैसे मुद्दों पर विस्तृत जानकारी के साथ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन और महिला शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक, 01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना निगोंहा मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान के तहत **ग्राम उदयपुर थाना निगोहां** में महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

आयोजक/ अयोजन स्थल

- म0उ0नि0 गायत्री, थाना निगोहां, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी पूजा सक्सेना, थाना निगोहां, लखनऊ कमिश्नरेट
- ग्राम उदयपुर थाना निगोहां

प्रतिभाग-

- म0उ0नि0 गायत्री, थाना निगोहां, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी पूजा सक्सेना, थाना निगोहां, लखनऊ कमिश्नरेट
- ग्राम उदयपुर थाना निगोहां पर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, आज दिनांक 05.04.2026 को थाना निगोहां की मिशन शक्ति टीम द्वारा **ग्राम उदयपुर थाना निगोहां** पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत महिला पुलिस कर्मियों म0उ0नि0 गायत्री, म0का0 पूजा सक्सेना, द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

पुलिस टीम द्वारा संवाद के दौरान महिलाओं को आपातकालीन स्थितियों में सहायता प्रदान करने वाले विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों, जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (महिला पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) एवं 181 (महिला हेल्पलाइन) के उपयोग और महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और निडर बनने के लिए प्रेरित किया गया। यह पहल समाज में सुरक्षित परिवेश सुनिश्चित करने और पुलिस व जनता के बीच समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

आयोजित 'मिशन शक्ति फेज 0.5' जागरूकता कार्यक्रम एक अत्यंत सराहनीय और प्रभावी पहल थी। इस कार्यक्रम ने निम्नलिखित बिंदुओं में सफलता प्राप्त की:

1. साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड और बैंक धोखाधड़ी जैसे वर्तमान समय के प्रासंगिक खतरों के बारे में जागरूकता फैलाई गई।
2. केवल समस्याएं बताने के बजाय, उनसे बचने के लिए व्यावहारिक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।
3. 1090, 112, 1930, 1098 जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों और सेवाओं से अवगत कराकर छात्राओं को आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने का विश्वास दिलाया गया।
4. यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार की 'मिशन शक्ति' पहल के प्रमुख लक्ष्यों—विशेष रूप से महिला सुरक्षा, जागरूकता सृजन, साइबर सुरक्षा और सहायता तंत्र को मजबूत करने को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम साबित हुआ।
5. महिलाओं को उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों की पहचान और रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई।

यह जागरूकता सत्र न केवल महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित रहने का ज्ञान प्रदान करने में सफल रहा, बल्कि उन्हें कानूनी अधिकारों और उपलब्ध संसाधनों के प्रति सजग बनाकर उन्हें सशक्त भी बनाया। ऐसे प्रयास महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण की नींव रखते हैं।